# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 17.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने 75वें जन्मदिन पर देश को कई सौगातें दीं। श्री मोदी ने मध्य प्रदेश के धार से देश में महिलाओंई और बच्चों के लिए अब तक के सबसे बड़े स्वास्थ्य अभियान स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा स्वस्थ नारी– सशक्त परिवार देश भर की महिलाओं को समर्पित है।

********************

डालटनगंज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा की सेवा पखवाड़ा की शुरुआत सफाई अभियान और रक्तदान कार्यक्रम से हुई। एमएमसीएच में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विष्णु दयाल राम और विधायक आलोक चौरसिया ने कार्यकर्ताओं के साथ सफाई की और रक्तदान को लेकर जागरूक किया। सांसद ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य है और इससे किसी को नया जीवन मिल सकता है। इसके साथ ही पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सांसद विष्णु दयाल राम, डीडीसी जावेद हुसैन और अधीक्षक डॉ. अजय कुमार समेत कई अतिथियों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया और महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण पर बल दिया गया।

********************

धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विधायक राज सिन्हा ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर सेवा पखवाड़े की शुरुआत की। शिविर में एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक की टीम मौजूद रही और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें कई सामाजिक और जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

********************

इधर देवघर में सेवा पखवाड़े की शुरुआत सांसद निशिकांत दुबे ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर से की। उन्होंने कहा कि यह अभियान दो अक्टूबर तक चलेगा।

********************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर के नए सुधारों से कर की दरों में कमी के बाद जनता के लगभग दो लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। वे आज विशाखापत्तनम में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आयोजित आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने बताया कि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की नई दो–स्तरीय कर प्रणालियां लोगों की दैनिक आवश्यकताओं और जरूरी वस्तुओं पर बोझ कम करती है। उन्होंने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग काफी हद तक लाभान्वित होते हैं।

********************

आगामी 22 सितंबर से पूरे देश में प्रभावी होने वाले जीएसटी की नई दरों से जामताड़ा जिलेवासियों के बीच उमंग और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

रक्षा मंत्रालय की ओर से कल से 21 सितंबर तक रांची के खेलगांव स्टेडियम में ईस्ट टेक 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अत्याधुनिक रक्षा तकनीकों का प्रदर्शन होगा और स्वदेशी औद्योगिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जाएगा।

********************

धनबाद–हावड़ा कोलफील्ड ट्रेन के डेली पैसेंजरों ने विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर ट्रेन में ही भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर सुख–समृद्धि और सुरक्षा की कामना की। यात्री विवेक कुमार ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से यह ट्रेन उनके जीवन का अहम हिस्सा रही है। कई अन्य यात्रियों ने भी इसे अपने रोजमर्रा के जीवन और संघर्ष की साथी बताया।

********************

मौसम विभाग ने अगले 3 घंटे के अंदर गढ़वा, लातेहार और पलामू जिले के कुछ हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की चेतावनी दी है। विभाग ने लोगों से पेड़ों के नीचे नहीं रुकने और किसानों को फसलों में जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी है।

************* समाप्त ************